आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 22.06.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- हरिद्वार में आयोजित संत सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। कहा– संत समाज के मार्गदर्शन और सहयोग से कुंभ–2027 को दिव्य और भव्य रूप दिया जाएगा।
- ग्राम्य विकास मंत्री भरत सिंह चौधरी ने पिथौरागढ़ में विभिन्न विभागों की समीक्षा की। जिले में विकास कार्यों की प्रगति को संतोषजनक बताया।
- उत्तरकाशी में सात दिवसीय विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का समापन। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी युवाओं को सम्मानित किया गया।
- पौड़ी नगर के बहुप्रतीक्षित कंडोलिया इंडोर स्टेडियम का शुभारंभ। खेल प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि संत समाज के मार्गदर्शन और सहयोग से कुंभ–2027 को दिव्य और भव्य रूप दिया जाएगा। आज हरिद्वार में आयोजित विशाल संत सम्मेलन में उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में संत समाज का योगदान अतुलनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए युग का साक्षी बन रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और केदारनाथ धाम के पुनर्विकास जैसे कार्य, भारत की आध्यात्मिक विरासत को नई ऊर्जा प्रदान कर रहे हैं।

वहीं, रुद्रप्रयाग जिले के नगरासू स्थित गुरुद्वारा साहिब की घटना के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी धर्मों और संप्रदायों का सम्मान करने की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक भावना को आहत नहीं होने दिया जाएगा तथा सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत बनाए रखा जाएगा।

समीक्षा

ग्राम्य विकास मंत्री भरत सिंह चौधरी ने आज पिथौरागढ़ में विभिन्न विभागों की समीक्षा कर विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने और युवाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी विभाग निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। श्री चौधरी ने कहा कि सीमांत पिथौरागढ़ जिले में

विकास कार्यों की प्रगति संतोषजनक है और अधिकांश विभाग पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने, लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने तथा दूरस्थ व सीमांत क्षेत्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

लोकार्पण

अल्मोड़ा जिले में रानीखेत के विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने आज गोविंद सिंह माहरा राजकीय चिकित्सालय में नव निर्मित ब्लड सैपरेशन यूनिट कक्ष, और अस्पताल की चारदीवारी का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में दूर–दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए आते हैं। लंबे समय से चिकित्सालय में ब्लड सैपरेशन यूनिट की मांग की जा रही थी, जिसका आज लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि इस यूनिट की स्थापना होने से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

सड़क शिलान्यास

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने आज अल्मोड़ा जिले में अपने विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के तहत कठपुड़िया से कलोड़िया–कतूनियां तक बनने वाले मोटर मार्ग के नवनिर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सड़कें केवल संपर्क का माध्यम नहीं होतीं, बल्कि वे किसी भी क्षेत्र की प्रगति और समृद्धि की जीवन रेखा होती हैं। उन्होंने कहा कि इस नई सड़क के निर्माण से ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र में आर्थिक व सामाजिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम

केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के ''मेरा युवा भारत'' उत्तरकाशी द्वारा आयोजित सात दिवसीय विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम आज सम्पन्न हो गया। इस विशेष राष्ट्रीय एकीकरण और अध्ययन कार्यक्रम के तहत तीन राज्यों– अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और हिमाचल प्रदेश से आए युवाओं ने उत्तरकाशी जिले के सीमांत क्षेत्रों, भारत–चीन सीमा और वाइब्रेंट विलेजे का दौरा कर जमीनी स्तर पर हो रहे विकास कार्यों, स्थानीय संस्कृति और सीमांत जीवन की चुनौतियों को करीब से समझा। पूरे सप्ताह अनुकरणीय अनुशासन और सीमांत क्षेत्रों के अध्ययन में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को सीमांत क्षेत्रों की समृद्ध संस्कृति, वहां की भौगोलिक चुनौतियों और प्रधानमंत्री के ''वाइब्रेंट विलेज विज़न'' से सीधे रूबरू कराना था। विभिन्न राज्यों के युवाओं ने यहाँ जमीनी स्तर पर जो अनुभव प्राप्त किया है, वह विकसित भारत–2047 के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।

कंडोलिया इंडोर स्टेडियम

पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी और जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आज नगर के बहुप्रतीक्षित कंडोलिया इंडोर स्टेडियम का शुभारंभ किया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस स्टेडियम में खिलाड़ियों को अब बेहतर व सुरक्षित वातावरण में अभ्यास और प्रतियोगिताओं की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस अवसर पर श्री पोरी ने कहा कि इंडोर स्टेडियम का सौंदर्यीकरण अत्यंत आकर्षक और उत्कृष्ट गुणवत्ता का है, जिसे निर्धारित समय में पूरा किया है। उन्होंने नागरिकों और खिलाड़ियों से स्टेडियम के संरक्षण और रख–रखाव में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया।

वहीं, जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा स्टेडियम को उच्च मानकों के अनुरूप विकसित किया गया है, जो पौड़ी नगर के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा।

आयुक्त दौरा

उत्तराखंड राजस्व परिषद की आयुक्त रंजना राजगुरु ने आज चम्पावत में राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित पुराने वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि एल.आर. एक्ट के तहत छह माह से अधिक समय से लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। आयुक्त ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए ई–ऑफिस प्रणाली का अधिक से अधिक उपयोग करने पर विशेष बल दिया।